बिहार राज्य निर्वाचन प्राधिकार

32, हार्डिंग रोड, पटना–800001

फोन– 0612-2231563, फैक्स नं. : 2231562, , वेबसाईट : http://bsea.bihar.gov.in, वेबसाईट : bseapatna@gmail.com

पटना/ दिनांक 04/11/2026

अधिसूचना

संख्या–नि० प्रा०/ नि० 1–08/2026 ..2499.. प्राधिकार की अधिसूचना संख्या– 2053 दिनांक 27.08.2026 द्वारा **रहिमपुर दक्षिणी पैक्स, प्रखंड– खगड़िया, जिला– खगड़िया** के निर्वाचन हेतु कार्यक्रम अधिसूचित किया गया था। जिला पदाधिकारी –सह– जिला निर्वाचन पदाधिकारी (स0स0), खगड़िया के पत्रांक– 2019 दिनांक 25.09.2026 द्वारा किये गये अनुरोध के आलोक में प्राधिकार की अधिसूचना संख्या– 2257 दिनांक 25.09.2026 द्वारा उक्त पैक्स का निर्वाचन कार्यक्रम स्थगित किया गया था। निर्वाचन कार्यक्रम स्थगन के पूर्व नामांकन, संवीक्षा एवं अभ्यर्थिता वापसी/ प्रतीक आवंटन का कार्यक्रम संपन्न हो चुका था।

2. जिला पदाधिकारी –सह– जिला निर्वाचन पदाधिकारी (स0स0), खगड़िया के पत्रांक 2285 दिनांक 31.10.2026 द्वारा किये गये अनुरोध के आलोक में रहिमपुर दक्षिणी पैक्स का निर्वाचन कार्यक्रम स्थगन स्तर से निर्धारित करने का निर्णय लिया गया है।

3. अतः उक्त आलोक में **रहिमपुर दक्षिणी पैक्स** के निर्वाचन कार्यक्रम को अधिसूचना संख्या– 2053 दिनांक 27.08.2026 के क्रम में स्थगन के स्तर से निम्नवत् निर्धारित किया जाता है–

(i)	निर्वाचन प्रक्रिया जारी रखते हुए संशोधित कार्यक्रम का निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा प्रकाशन	09.11.2026 (सोमवार)
(ii)	मतदान, अगर आवश्यक हो	18.11.2026 (बुधवार) 7:00 बजे पूर्वाह्न से 4:30 बजे अपराह्न तक
(iii)	मतगणना	18.11.2026 (बुधवार) (मतदान के तुरंत पश्चात्)
(iv)	निर्वाचन प्रक्रिया की समाप्ति	20.11.2026 (शुक्रवार)

4. उक्त निर्वाचन कार्यक्रम के संबंध में **रहिमपुर दक्षिणी पैक्स** के मतदाताओं के बीच व्यापक प्रचार–प्रसार हेतु निर्वाचन पदाधिकारियों के लिए हस्तपुस्तिका (20 सितम्बर, 2024 तक संशोधित) के अध्याय–3 की कंडिका– (1) से (5) में वर्णित निदेशों का अनुपालन सुनिश्चित किया जाएगा। प्रखंड विकास पदाधिकारी –सह– निर्वाचन पदाधिकारी (स0स0), खगड़िया इसका अनुपालन प्रतिवेदन प्राधिकार को **दिनांक 11.11.2026 तक** उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे।

5. मतदान का समय 07:00 बजे पूर्वाह्न से 04:30 बजे अपराह्न तक होगा। निर्वाचन संपन्न होने के पश्चात् प्रपत्र ई०18 (निर्वाचित सदस्यों की सूची) और निर्वाचन पदाधिकारी के नाम, हस्ताक्षर, तिथि एवं मुहर युक्त अंतिम मतदाता सूची (जिसपर निर्वाचन संपन्न हुआ हो) की मूल प्रति स्कैन कराकर प्राधिकार के वेबसाईट पर अपलोड करायेंगे। इसके लिए अधिसूचना संख्या 2053 दिनांक 27.08.2026 के परिशिष्ट 1 में दिये गये निर्देशों का अनुपालन किया जाएगा।

6. **बिहार राज्य निर्वाचन प्राधिकार द्वारा निरूपित आदर्श आचार संहिता निर्वाचन प्रक्रिया की समाप्ति अर्थात् दिनांक 20.11.2026 तक लागू रहेगी। आदर्श आचार संहिता से संबंधित अनुदेश "सहकारी समितियों के निर्वाचन हेतु निर्वाचन पदाधिकारियों के लिए हस्तपुस्तिका" के पृष्ठ 134-142 पर देखा जा सकता है।**

7. अधिसूचना संख्या 2053 दिनांक 27.08.2026 की शेष बातें यथावत रहेंगी।

4.11.26

(कयूम अंसारी)
संयुक्त सचिव।

ज्ञापांक : 2499 पटना/ दिनांक 04/11/2026

प्रतिलिपि : ई गजट शाखा, वित्त विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित। उनसे अनुरोध है कि प्रकाशित अधिसूचना की 50 प्रतियाँ प्राधिकार को उपलब्ध कराने की कृपा की जाय।

4.11.26

संयुक्त सचिव।

ज्ञापांक : 2499 पटना/ दिनांक 04/11/2026

प्रतिलिपि: प्रमंडलीय आयुक्त, मुंगेर/ जिला पदाधिकारी सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी (स०स०), खगड़िया/ पुलिस अधीक्षक, खगड़िया/ उप विकास आयुक्त सह नोडल पदाधिकारी (स०स०), खगड़िया/ जिला सहकारिता पदाधिकारी, खगड़िया/ प्रखंड विकास पदाधिकारी सह निर्वाचन पदाधिकारी (स०स०), खगड़िया को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

4.11.26

संयुक्त सचिव।

ज्ञापांक : 2499 पटना/ दिनांक 04/11/2026

प्रतिलिपि: प्रधान सचिव, गृह विभाग, बिहार, पटना/ पुलिस महानिदेशक, बिहार, पटना/ महानिदेशक, होम गार्ड को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

4.11.26

संयुक्त सचिव।

ज्ञापांक : 2499 पटना/ दिनांक 04/11/2026

प्रतिलिपि: प्रधान सचिव, सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार, पटना/ सचिव, सहकारिता विभाग, बिहार, पटना/ सचिव, सूचना एवं प्रावैधिकी विभाग, बिहार, पटना/ निबंधक, सहयोग समितियाँ, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

4.11.26

संयुक्त सचिव।

ज्ञापांक : 2499 पटना/ दिनांक 04/11/2026

प्रतिलिपि: प्रमुख स्थानीय दैनिक समाचार पत्रों को सूचनार्थ एवं प्रकाशनार्थ प्रेषित।

4.11.26

संयुक्त सचिव।

ज्ञापांक : 2499 पटना/ दिनांक 04/11/2026

प्रतिलिपि: मुख्य चुनाव पदाधिकारी, बिहार राज्य निर्वाचन प्राधिकार, पटना के कोषांग/ परामर्शी/ अवर सचिव/ सभी प्रशाखा पदाधिकारी, बिहार राज्य निर्वाचन प्राधिकार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

2. श्री वेद प्रकाश, आईटी प्रोफेशनल को इस निदेश के साथ प्रेषित कि वेबसाईट से संबंधित अनुवर्ती कार्रवाई ससमय करना सुनिश्चित करेंगे।

4.11.26

संयुक्त सचिव।